आकाशवाणी भोपाल

दोपहर समाचार

दिनांक 15.10.2024 समय: 2.10 PM

पीएम - दूरसंचार

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज नई दिल्ली के भारत मण्डपम में अंतरराष्ट्रीय दूरसंचार संघ-आईटीयू की विश्व दूरसंचार मानकीकरण सभा - डब्ल्यूटीएसए - 2024 का उद्घाटन किया। भारत और एशिया प्रशांत क्षेत्र में इसका आयोजन पहली बार किया जा रहा है। श्री मोदी ने इंडिया मोबाइल कांग्रेस के आठवें संस्करण का भी उद्घाटन किया।

प्रधानमंत्री ने इस अवसर पर कहा कि भारत दूरसंचार और उससे संबंधित प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में अभी दुनिया का सबसे अधिक सक्रिय देश है।

विश्व दूरसंचार मानकीकरण सभा एक प्रमुख वैश्विक आयोजन है, जिसमें एक सौ 90 देशों के दूरसंचार, डिजिटल तथा सूचना और संचार प्रौद्योगिकी क्षेत्र के तीन हजार से अधिक उद्योगपति, नीति निमार्ता और तकनीकी विशेषज्ञ एक मंच पर एकत्रित होते हैं।

अब्दुल कलाम

देश के 11वें राष्ट्रपति और मिसाइल मेन के नाम से प्रसिद्ध डॉ एपीजे कलाम का आज जन्मदिन है। संयुक्त राष्ट्र ने हर वर्ष डॉ कलाम के जन्मदिवस को वर्ल्ड स्टूडेंट्स डे के रूप में मानने की घोषणा की। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने डॉ कलाम को उनकी जयंती पर श्रद्धांजलि देते हुए एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि पूर्व राष्ट्रपति की सोच और दूरदृष्टि से देश को विकसित भारत का लक्ष्य हासिल करने में मदद मिलेगी।

चुनाव आयोग - चुनाव कार्यक्रम

निर्वाचन आयोग आज महाराष्ट्र और झारखंड विधानसभा चुनावों के कार्यक्रम की घोषणा करेगा। आयोग नई दिल्ली में दोपहर बाद साढे तीन बजे प्रेस कॉन्फ्रेंस में कार्यक्रम की घोषणा करेगा। महाराष्ट्र विधानसभा का कार्यकाल अगले महीने की 26 तारीख को समाप्त होने वाला है, जबकि झारखंड विधानसभा का कार्यकाल अगले साल 5 जनवरी को समाप्त होगा।

पेन्टाथ्लॉन चैम्पियनशिप

वर्ल्ड मार्डन पेन्टाथ्लॉन चैम्पियनशिप 2024 में म.प्र. राज्य ट्रायथ्लॉन अकादमी के खिलाड़ी यश बाथरे ने 1 रजत और 1 कांस्य सहित कुल 2 पदक अर्जित किये हैं । इस चैम्पियनशिप का आयोजन 8 से 14 अक्टूबर तक इजिप्ट में किया गया। यह पहला अवसर है जब अकादमी के किसी खिलाड़ी ने चैम्पियनशिप में 2 पदक अर्जित किये हैं।

नर्मदा महोत्सव

जबलपुर के पास भेड़ाघाट में आज से दो दिवसीय नर्मदा महोत्सव शुरु हो रहा है । जबलपुर पुरातत्व पर्यटन एवं संस्कृति परिषद द्वारा आयोजित किये जा रहे इस महोत्सव में कला और संस्कृति पर केन्द्रित विभिन्न कार्यक्रम होंगे. पहले दिन पार्श्व गायिका मालिनी अवस्थी और दूसरे दिन पार्श्व गायक के हरिहरन की मधुर आवाज संगमरमरी वादियों में गूंजेगी। नर्मदा महोत्सव के कार्यक्रमों की शुरुआत आज शाम 7 बजे माँ नर्मदा की पूजा अर्चना से शुरू होगी। पहले दिन के सांस्कृतिक कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री धर्मेंद्र सिंह लोधी होंगे।

मौसम

प्रदेश में अक्टूबर के पहले स्ट्रॉन्ग सिस्टम से आधे से ज्यादा जिले तरबतर हो गए हैं । मौसम विभाग के मुताबिक, आज भी

इंदौर, उज्जैन समेत 13 जिलों में इस सिस्टम का असर रहेगा। विभाग के अनुसार अगले 24 घंटे में बारिश, गरज-चमक की स्थिति बनी रहेगीजबकि कल से मौसम खुल जाएगा। भोपाल में आज कहीं बादल ढके हैं तो कहीं धूप निकली है।

समाचार संक्षेप में...

1. राज्यपाल मंगुभाई पटेल आज सतना जिले के चित्रकूट आयेंगे। राज्यपाल कल महात्मा गांधी ग्रामोदय विश्व विद्यालय चित्रकूट में दीक्षांत समरोह कार्यक्रम में शामिल होंगे।

2. धार जिले में म.प्र. राज्य जैव विविधता बोर्ड, वन विभाग एवं लोक शिक्षण संचालनालय के संयुक्त तत्वावधान में 21 अक्टूबर को जैव विविधता क्विज का आयोजन किया जाएगा।

3. नर्मदापुरम शहर में सीवरेज लाइन बिछाने का काम रही कंपनी पर 10 लाख रुपए की पेनाल्टी लगाई गई है। लाइन बिछाने में लापरवाही और सुरक्षा उपकरणों का उपयोग नहीं करने पर कंपनी पर कार्रवाई हुई है।

और

4. शिवपुरी के शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था में कल प्रधानमंत्री राष्ट्रीय अप्रेंटिसशिप मेले का आयोजन किया गया। मेले में 150 से अधिक युवाओं ने अपना पंजीयन कराया था। इस दौरान कुल 64 युवाओं का चयन किया गया।

नमस्कार